**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**21.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00 बजे**

**प्रधानमंत्री–पत्र**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ऐसे समय में स्थिरता और संवेदनशीलता का प्रतीक बनकर उभरा है, जब दुनिया कई संकटों से गुजर रही है। दीपावली पर देशवासियों को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत की इस यात्रा में राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना हम सबकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने न केवल धर्म का पालन किया बल्कि अन्याय का बदला भी लिया। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम लोगों को धर्म का पालन करना सिखाते हैं और अन्याय से लड़ने का साहस भी देते हैं।

..............................................................

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सिरमौर जिला के कोटला बड़ोग में बनने वाले नशा मुक्ति व पुनर्वास केंद्र में अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। उन्होंने इस पुनर्वास केंद्र के निर्माण को लेकर आज शिमला में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस केंद्र में कुल सौ बिस्तरों की क्षमता होगी और चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की तैनाती भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के लिए राज्य सरकार ने पांच करोड़ 34 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की है। बैठक में सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री धनीराम शांडिल भी मौजूद रहे।

..............................................................

**जीएसटी स्टेशनरी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जी एस. टी. बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। पेश है एक रिपोर्ट जिसमें बताया गया है कि किस तरह स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी की कटौती से आम लोगों को खासतौर पर विद्यार्थियों कों मदद मिल रही है।

..............................................................

**डिस्पेच**

*नए जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने स्टेशनरी वस्तुओं पर बड़ी राहत की घोषणा की है। नए कर ढांचे के तहत पेंसिल, शार्पनर, क्रेयॉन, अभ्यास पुस्तिकाएं, ग्राफ बुक, नक्शे और चार्ट पूरी तरह से कर मुक्त कर दिए गए हैं। इन सुधारों का उद्देश्य आवश्यक स्टेशनरी वस्तुओं को और अधिक किफायती बनाना है, जिससे छात्रों के लिए सीखने की लागत कम हो और घरेलू निर्माताओं की मांग बढ़े। जीएसटी में कमी से परिवारों और छात्रों पर वित्तीय बोझ कम हो रहा है, जिससे देशभर में शिक्षा तक पहुंच और बेहतर हो रही है।*

---

**हमीरपुर–भाजपा**

हमीरपुर जिला भाजपा के पदाधिकारियों ने आज समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से भेंट कर उन्हें दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर और बड़सर से भाजपा विधायक इंद्र दत्त लखनपाल भी मौजूद रहे। इस दौरान धूमल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से समाज के प्रति निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करते रहने का आह्वान किया। सांसद अनुराग ठाकुर ने भी सभी से हिमाचल प्रदेश और राष्ट्र को अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लेने की अपील की।

---

**प्रधानमंत्री मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अक्तूबर को आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ 27वीं कड़ी होगी। लोग अपने सुझाव टोल फ्री नम्बर एक आठ शून्य–शून्य–एक–एक–सात आठ शून्य–शून्य पर साझा कर सकते हैं। नरेन्द्र मोदी ऐप और माई जी ओ वी ओपन फोरम के माध्यम से ऑन लाइन सुझाव दिये जा सकते हैं। कार्यक्रम के लिए सुझाव 24 अक्तूबर तक स्वीकार किए जाएंगे।

---

**पुलिस स्मृति दिवस**

आज पुलिस स्मृति दिवस है। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि एक सशक्त पुलिस बल ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है और यही सरकार का लक्ष्य है। पुलिस स्मृति दिवस हर वर्ष 21 अक्टूबर को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स में चीन के हमले में शहीद हुए दस बहादुर पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है।

---

**दीपावली–आगजनी**

दीपावली का पर्व कल देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान प्रदेश के कई स्थानों से आगजनी की घटनाएं सामने आई हैं। कुल्लू ज़िला की मणिकर्ण घाटी के कसोल में बीती रात निजी होटल में आग की घटना में एक कमरा जलकर राख हो गया। घटना में किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है लेकिन कमरे का सारा फर्नीचर व अन्य सामान नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग के कर्मी मौके पर पहुँचे और आग पर काबू पाया गया। इधर अग्निशमन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शिमला के समीप बनूटी में बीती रात तीन दुकानें जलकर राख हो गई। इसमें लगभग 20 लाख तक का नुक्सान आंका गया है। दमकल विभाग ने साथ लगते मकान व अन्य दुकानों को बचा लिया है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।